महत्वपूर्ण/ई-मेल

संख्या:- 14 /2021/1099/36-03-2021-01(यू०एस०एस०)/13टी०सी०

प्रेषक,

सुरेश चन्द्रा,
अपर मुख्य सचिव,
उ०प्र० शासन।

सेवा में

1. समस्त मण्डलायुक्त,
   उत्तर प्रदेश ।
2. समस्त जिलाधिकारी,
   उत्तर प्रदेश ।

श्रम अनुभाग-3 लखनऊ दिनांक 14 जुलाई, 2021

विषय:- प्रदेश में स्थापित जन सेवा केन्द्रों के माध्यम से ई-डिस्ट्रिक्ट पोर्टल द्वारा उ०प्र० राज्य सामाजिक सुरक्षा बोर्ड की सेवाओं को उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया

कृपया उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि उ०प्र० राज्य सामाजिक सुरक्षा बोर्ड द्वारा प्रदेश के असंगठित क्षेत्र के कामगारों के ऑनलाइन पंजीकरण हेतु पोर्टल (www.upssb.in) का विकास किया गया है, जिसका शुभारम्भ माननीय मुख्यमंत्री जी के द्वारा दिनांक 09 जून 2021 को कर दिया गया है। साथ ही श्रमिकों का ऑनलाइन पंजीकरण प्रदेश में स्थापित जन सेवा केन्द्रों के माध्यम से भी कराया जाना है।

2- इस सम्वन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि शासन स्तर पर सम्यक विचारोपरांत यह निर्णय लिया गया है कि उ०प्र० राज्य सामाजिक सुरक्षा बोर्ड की निम्नवत् सेवाओं को ई-डिस्ट्रिक्ट पोर्टल (https://edistrict.up.gov.in) के माध्यम से समस्त जन सेवा केन्द्रों द्वारा उपलब्ध कराया जाए:-

क्र०स०	सेवा का नाम	Name of Service
1	श्रमिक पंजीकरण	Worker Registration
2	श्रमिक अंशदान	Worker Contribution
3	योजनाओं हेतु आवेदन	Scheme Application

3- यह भी अवगत कराना है कि जन सेवा केन्द्रों पर आवेदक से उपरोक्त उल्लिखित सेवाओं के प्रत्येक आवेदन हेतु आई०टी० एवं इलेक्ट्रानिक्स विभाग, उ०प्र० शासन के शासनादेश संख्या-19/2020/1085/78-2-2020-34आई०टी०/2010 दिनांक 22 अक्टूबर, 2020 में निहित नियमों के अनुसार धनराशि रू 30/- यूजर चार्ज लिया जायेगा।

4- आवेदक को उ०प्र० राज्य सामाजिक सुरक्षा बोर्ड में ऑनलाइन पंजीकरण कराने हेतु प्रदेश के अपने निकटतम जन सेवा केन्द्रों पर जाना होगा। जन सेवा केन्द्र संचालक ई-डिस्ट्रिक्ट पोर्टल पर लॉगिन करेगा तथा विभागीय पोर्टल पर सम्बन्धित ई-फॉर्म एवं आवश्यक संलग्नकों को अपलोड करेगा। आवेदन भरने के बाद रू 60/- का भुगतान ऑनलाइन अथवा ऑफलाइन चालान के माध्यम से किया जायेगा। ऑनलाइन पंजीकरण पूर्ण होने के उपरांत जन सेवा केन्द्र संचालक द्वारा पावती

Scanned with CamScanner

रसीद आवेदक को उपलब्ध करा दी जायेगी। तत्पश्चात् प्रस्तर-3 में उल्लिखित यूजर चार्ज का अतिरिक्त भुगतान जन सेवा केन्द्र संचालक को किया जायेगा।

5- उ०प्र० राज्य सामाजिक सुरक्षा बोर्ड की चयनित सेवाओं को ई-डिस्ट्रिक्ट पोर्टल से इन्टीग्रेट करने के लिए एन०आई०सी०/एस०ई०एस०टी० की तकनीकी टीम से समन्वय स्थापित किये जाने हेतु श्री शमीम अख्तर, उपश्रमायुक्त उ०प्र० राज्य सामाजिक सुरक्षा बोर्ड, लखनऊ को विभागीय नोडल अधिकारी नामित किया गया है। ई-डिस्ट्रिक्ट पोर्टल से इन्टीग्रेशन के पश्चात् सभी सम्बन्धित स्टेक होल्डर्स द्वारा पायलेट आधार पर टेस्ट रन की कार्यवाही की जायेगी ताकि गो-लाईव के उपरांत सेवाओं को प्रदान करने में किसी परेशानी का सामना न करना पडे।

6- प्रदेश में स्थापित सभी जन सेवा केन्द्रों द्वारा इलेक्ट्रानिक डिलीवरी के माध्यम से सेवाओं को प्रदान किये जाने हेतु समस्त आवश्यक कार्यवाहियॉ यथा-इन्टीग्रेशन, प्रशिक्षण सम्बन्धी सामग्री इत्यादि पूर्ण कर ली गई है, यह सुनिश्चित कर लिया जाए ।

7- भविष्य में यदि आई०टी० एवं इलेक्ट्रानिक्स विभाग, उ०प्र० शासन द्वारा जन सेवा केन्द्रों पर लिये जाने वाले यूजर चार्ज के सम्बन्ध में कोई संशोधन किया जाता है तब नवीन शासनादेश की शर्ते लागू होंगी।

अतः कृपया उपरोक्तानुसार वांछित समस्त कार्यवाहियॉ शीर्ष-प्राथमिकता पर पूर्ण कराकर कृत कार्यवाही से कार्यालय उ०प्र० राज्य सामाजिक सुरक्षा बोर्ड, इंदिरा भवन लखनऊ को अवगत कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(सुरेश चन्द्रा)
अपर मुख्य सचिव।

संख्या:- 14 /2021/1099(1)/36-03-2021 तद्दिनांक

प्रतिलिपि:- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1 प्रमुख सचिव, मा० मुख्यमंत्री, उ०प्र० शासन।
2 अपर मुख्य सचिव, आई०टी० एवं इलेक्ट्रानिक्स विभाग, उ०प्र० शासन।
3 निजी सचिव, मुख्य सचिव, उ०प्र० शासन।
4 सचिव, उ०प्र० राज्य सामाजिक सुरक्षा बोर्ड लखनऊ।
5 श्रमायुक्त, उ०प्र० कानपुर।
6 निजी सचिव, मा० मंत्री श्रम एवं सेवायोजन विभाग, उ०प्र० शासन।
7 निजी सचिव, अपर मुख्य सचिव श्रम एवं सेवायोजन विभाग, उ०प्र० शासन।
8 उपश्रमायुक्त, उ०प्र० राज्य सामाजिक सुरक्षा बोर्ड, इंदिरा भवन लखनऊ ।
9 समस्त अपर/उप/सहायक श्रमायुक्त, उ०प्र०। (द्वारा श्रमायुक्त,उ०प्र०)
10 राज्य समन्वयक सेन्टर फॉर ई-गवर्नेन्स, उ०प्र० शासन।
11 राज्य सूचना विज्ञान अधिकारी, एन०आई०सी० योजना भवन, लखनऊ।
12 हेड एस०ई०एम०टी० उ०प्र०।

आज्ञा से,

(सूर्य प्रकाश सिंह सेंगर)
विशेष सचिव।

F:\vikalp-2021\Vikalp-2021- g.o..docx

Scanned with CamScanner